प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

प्रश्नकाल

प्रदेश विधानसभा में आज राज्य में उद्योगों को पूर्व भाजपा सरकार द्वारा दी गई कथित रियायतों के मुद्दे पर भारी हंगामा हुआ। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा उद्योगों को रियायतें दिए जाने के मुद्दे पर सदन में प्रश्नकाल के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार नारेबाजी हुई और तीखी नोक–झोंक के बीच विपक्षी भाजपा ने सदन से वाकआउट किया। इस दौरान, मुख्यमंत्री ने मूल प्रश्न के उत्तर में दखल देते हुए कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने बद्दी–बरोटीवाला–नालागढ़ में कुछ उद्योगों को सभी नियमों को ताक पर रखकर न केवल जमीन का आवंटन किया, बल्कि अन्य सुविधाएं देकर प्रदेश के खजाने पर बेवजह बोझ डाला। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कंपनियों को जहां एक रुपए प्रति वर्गमीटर के हिसाब से हजारों बीघा जमीन दे दी गई, वहीं, बिजली भी 10 वर्षों के लिए तीन रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से देने का करार किया गया। जबकि प्रदेश खुद सर्दियों में छह रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से बिजली खरीदता है। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों को कस्टमाइज पैकेज के नाम पर स्टांप ड्यूटी में शतप्रतिशत की छूट दी गई। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आरोप लगाया कि यह कस्टमाइज पैकेज जनता के पैसे को लुटाने का पैकेज था।

मुख्यमंत्री ने सदन में घोषणा की कि सरकार इस पैकेज की सारी जानकारी जुटाएगी और प्रदेश की संपदा लूटने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने इन कंपनियों को कस्टमाइज पैकेज के नाम पर दी गई छूट के फैसले पर फिर से विचार करने की बात भी कही। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि सरकार जल्द ही वर्ष 2019 की औद्योगिक नीति के स्थान पर नई औद्योगिक नीति लाएगी। इससे पूर्व, विधायक बिक्रम ठाकुर के मूल प्रश्न के उत्तर में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि पिछले करीब पौने तीन साल में प्रदेश में 2 हज़ार 8 सौ 53 करोड़ रुपए का औद्योगिक निवेश हुआ और 6 हज़ार 2 सौ 10 एमओयू साइन किए गए। उन्होंने कहा कि सिंगल विंडो क्लीयरेंस के माध्यम से 3 सौ 80 उद्योग लगाने को मंजूरी दी गई, जिसमें 5 हज़ार 8 सौ 91 करोड़ रुपए का निवेश होगा। उद्योग मंत्री ने कहा कि कुल मिलाकर प्रदेश में पिछले पौने तीन सालों में 20 हज़ार 6 सौ 55 करोड़ रुपए का निवेश आया है।

जयराम ठाकुर

इस बीच विधानसभा से वॉकआउट के बाद नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने के बाद औद्योगिक क्षेत्र को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के समय राज्य को मेडिकल डिवाइस पार्क और बल्क ड्रग पार्क मिले, लेकिन मौजूदा सरकार उद्योग बचाने में पूरी तरह विफल रही है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में लगातार हो रही बारिश से सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। भारी बारिश के चलते नदी–नाले उफान पर हैं और जगह–जगह भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही है। राज्य में खराब मौसम को देखते हुए आज 9 जिलों शिमला, कांगड़ा, चंबा, ऊना, मंडी, कुल्लू, सोलन, बिलासपुर और हमीरपुर में सभी शिक्षण संस्थानों व आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया है। जबकि लाहौल स्पीति जिला के लाहौल व उदयपुर उपमंडल में भी सभी शिक्षण संस्थानों में आज अवकाश है। कुल्लू में लगातार हो रही बारिश के चलते ब्यास नदी का जल स्तर काफी बढ़ गया है। कुल्लू–मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग बिंदु ढांक के पास सड़क के टूट जाने से यातायात के लिए अवरूद्ध है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में 3 राष्ट्रीय उच्चमार्गों सहित 6 सौ 87 सड़कें यातायात के लिए ठप हैं। इसके अलावा प्रदेश में 2 हज़ार 3 सौ 49 बिजली ट्रांसफार्मर और 2 सौ 34 पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई है। इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज भी प्रदेश के कई जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है।

————————————————————